मनमानी | नगर निगम आयुक्त ने दिए कार्रवाई के निर्देश, शहर की सड़कों के गड्ढों की कराई जाए फिलिंग

शहर में बगैर अनुमति संचालित हैं 9 मैरिज गार्डन

नवभारत, कटनी। नगर निगम आयुक्त आईएएस तपस्या परिहार ने सोमवार को आयोजित समय-सीमा की बैठक में विभिन्न योजनाओं की प्रगति सहित नगर निगम के माध्यम से कराए जाने वाले विकास कार्य और समय-सीमा के लंबित प्रकरणों की शाखावार समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को कार्यो में प्रगति लाने के निर्देश दिए। नगर निगम आयुक्त तपस्या परिहार ने समीक्षा बैठक के दौरान नगर में संचालित वैध और अवैध मैरिज गार्डन की जानकारी मांगी गई। जिस पर प्रभारी कार्यपालन यंत्री द्वारा बताया गया कि शहर में 23 मैरिज गार्डन संचालित है जिसमें 14 द्वारा अनुमति प्राप्त की गई है और 9 मैरिज गार्डन के संचालकों द्वारा बिना अनुमति मैरिज गार्डन का संचालन किया जा रहा है। जिसपर निगमायुक्त द्वारा अवैध रूप से संचालित मैरिज गार्डन संचालकों को नोटिस जारी कर आवश्यक कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया गया है। नगर निगम आयुक्त ने विभागीय अधिकारियों को ई-नगरपालिका पोर्टल 2.0 परियोजना के अंतर्गत विभिन्न मॉड्यूल के यूएटी के संचालन के लिए ट्रेनिंग प्राप्त निर्धारित मॉडयूल्स में ही कार्यालयीन कार्य कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। वहीं निगम की विभिन्न शाखाओं जल प्रदाय विभाग, राजस्व विभाग, लोक निर्माण विभाग, भवन अनुज्ञा, अतिक्रमण शाखा, स्वास्थ्य विभाग विद्युत विभाग, विधि शाखा, योजना शाखा के समय-सीमा में कार्रवाई करने के लिए चिन्हित पत्रों, शिकायतों की समीक्षा कर जिन पत्रों का निराकरण किया गया है, उसमें शिकायतकर्ताओं से बात करने, लंबित पत्रों पर शीघ्र कार्रवाई करते हुए प्रतिवेदन पूरी जानकारी सहित दर्ज करने के निर्देश शाखा प्रमुखों को दिए गए हैं। निगमायुक्त ने नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत समग्र से आधार की ई-केवाईसी कार्य और नगर निगम के बकाया करों की वसूली के लिए निगम के जोन कार्यालयों में शिविरों का आयोजन करने के साथ ही शिविरों का प्रचार-प्रसार करने के निर्देश उपायुक्त शैलेष गुप्ता और राजस्व अधिकारी जागेश्वर पाठक को दिए। बैठक के दौरान निगमायुक्त ने नगरीय क्षेत्र में आवासीय पट्टे के वितरण की कार्रवाई के लिए वार्ड के टेक्स कलेक्टरों का पूर्व में जारी आदेश अनुसार दल करते हुए इस कार्य को गति देकर पूरा कराने के निर्देश राजस्व अधिकारी को दिए। नागरिकों के सुगम आवागमन की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए बरगवां मुख्य मार्ग में गड्ढों की फिलिंग कार्य की समीक्षा करते हुए नगर के अन्य वार्डो में परफार्मेंस गारंटी के कार्यो की जांच कर कमियों को दुरूस्त करने, शेष मुख्य मार्गो के गड्ढों की फिलिंग कार्य में गति लाने के निर्देश प्रभारी कार्यपालन यंत्री असित खरे को दिए। निगमायुक्त ने निगम की सुचारू कार्य व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए वर्कशॉप को दुरुस्त करने के लिए संपूर्ण आकलन करने और उचित स्थल, कर्मचारियों की जानकारी प्रस्तुत करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए। बैठक के दौरान फिश पार्लर के लिए दो स्थलों का चयन करने, प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत प्रेम नगर में चल रहे विद्युतीकरण कार्य में गति लाने, अतिक्रमण अभियान लगातार चलाने, सेप्टिक टैंकों की सफाई किए जाने, आवारा मवेशियों पर कार्रवाई करने के निर्देश नगर निगम आयुक्त ने दिए है। बैठक में सभी शाखा के अधिकारी मौजूद रहे।

अधिकारियों ने किया धान खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण

दलालों और व्यापारियों से धान नहीं खरीदने के दिए निर्देश

नवभारत, कटनी। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के लिए सोमवार से शुरू हुई धान खरीदी केन्द्रों में समुचित व्यवस्थाओं की उपलब्धता का निरीक्षण करने के लिए कलेक्टर आशीष तिवारी द्वारा दिए गए निर्देश के पालन में सभी एसडीएम, तहसीलदारों और नायब तहसीलदारों ने उपार्जन केन्द्रों पर पहुंचकर जरूरी व्यवस्थाओं और इंतजामों का औचक निरीक्षण किया। अधिकारियों ने सभी 84 खरीदी केन्द्रों मे पहुंचकर तौल कांटों, वारदानों की उपलब्धता, सिलाई मशीन और किसानों के लिए पेयजल की उपलब्धता, बारिश के दौरान उपज के बचाव के लिए तिरपाल, खरीदी के बैनर, सीसीटीव्ही कैमरे की स्थापना, ग्रेडर छन्ना, स्टेन्सिल, माइश्चर मीटर, सिलाई मशीन, धागा और किसानों के बैठने के लिए कुर्सी, टेन्ट और पेयजल की उपलब्धता का निरीक्षण किया और सभी व्यवस्थाएं बनाए रखने के निर्देश खरीदी केन्द्र प्रभारियों को दिए। अधिकारियों ने खरीदी केन्द्र प्रभारियों से कहा कि किसी भी हाल में बाहरी व्यक्तियों और दलालों, बिचौलियों और व्यापारियों की धान खरीदी नहीं हो। एसडीएम ढीमरखेड़ा निधि सिंह गोहल ने मुरवारी, दशरमन, कछारगांव, सिलौंड़ी, कचनारी खरीदी केन्द्रों, बहोरीबंद एसडीएम राकेश चौरसिया ने सिंहुड़ी, बरही, बहोरीबंद, सलैया पटोरी और सिंदूरसी उपार्जन केन्द्रों की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। एसडीएम कटनी प्रमोद कुमार चतुर्वेदी ने खरीदी केन्द्र पिपरौंध, श्री कृष्णा वेयरहाउस पडुआ का निरीक्षण किया।

एक नजर में



सेवा निवृत शिक्षक के निधन से क्षेत्र में शोक की लहर

नवभारत, उमरियापान। सिलौंडी क्षेत्र के सबसे बुजुर्ग सेवा निवृत शिक्षक बीरबल राय का रविवार सुबह को अचानक निधन होने से क्षेत्र में शोक की लहर छा गई। श्री बीरबल राय धर्म प्रेमी के साथ ही सामाजिक कार्यों में संलग्न व्यक्ति थे। वे भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुरेश राय, शिक्षक सनत राय के पिता थे। साथ ही जिला पंचायत सदस्य कविता पंकज राय के मौसिया ससुर और सिलौंडी उपसरपंच राहुल राय और मंडल उपाध्यक्ष अमित राय के नाना थे। क्षेत्र के सैकड़ों लोग ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है।

आदतन अपराधी पांच महीने के लिए जिलाबदर

नवभारत, कटनी। जिला दंडाधिकारी कलेक्टर आशीष तिवारी ने कोतवाली थाना थाना क्षेत्र के खिरहनी फाटक क्षेत्र के वेंकट वार्ड निवासी एन्थोनी गोस्वामी उर्फ एन्थोनी मद्रासी पिता रवि गोस्वामी के खिलाफ मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए 24 घंटे के अंदर आगामी 5 माह की अवधि के लिए जिले की राजस्व सीमाओं से बाहर जाने का आदेश पारित किया है। कलेक्टर ने जिला बदर की यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर की है। एन्थोनी के विरूद्ध वर्ष 2018 से वर्ष 2023 तक थाना कोतवाली में 8 आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध है। जिनमें आमजन से गाली गलौज करना, मारपीट करना, जान से मारने की धमकी देना, चाकूबाजी करना, शराब पीने के लिए पैसे की मांग करना, अवैध वसूली करना, अवैध रूप से शस्त्र कब्जे में रखना जैसे गंभीर अपराध शामिल है। पुलिस द्वारा एन्थोनी के विरूद्ध समय-समय पर वैधानिक और प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई। लेकिन आदतन अपराधी के गतिविधियों में कोई सुधार नहीं हुआ। आपराधिक गतिविधियां जारी रखने, आम जन के लिए आतंक का पर्याय बनने पर जिला बदर की कार्रवाई की गई है।

अग्रसेन महाराज की महाआरती में शामिल हुए श्रद्धालु

कुलदेवी और अग्रसेन महाराज की आरती का संयुक्त गायन

नवभारत, कटनी। श्रीश्री 1008 अग्रसेन जी महाराज की पूजन कर पुष्प माला अर्पण करने के साथ ही भोग लगाया गया। जिसके बाद अग्रसेन जी महाराज माता कुलदेवी लक्ष्मी जी की महाआरती की गई। इस दौरान कुलदेवी माता महालक्ष्मी और अग्रसेन महाराज की आरती का संयुक्त गायन कर आरती की गई।

इसके बाद सभी को प्रसाद वितरण किया गया। उपस्थित सदस्य दुर्गा प्रसाद, मुरली मनोहर, मोहन कुमार किशोर कुमार, कंछेदी लाल, गोपाल कृष्ण, स्वामी प्रसाद, अंबिकेश, नीरज, श्याम बिहारी, नवनीत, घनश्याम, पुरुषोत्तम, नयनराज, विकास, वैभव, आशीष, सागर, अशोक, नयन अग्रवाल, ऋषि राज, श्रीकांत, शैलेश, कमलकांत, भरत, श्रीमती पुष्पा श्रीमती मालती, श्रीमती लता, श्रीमती रीता, श्रीमती उर्मिला, श्रीमती नेहा, श्रीमती वर्षा, श्रीमती रश्मि, श्रीमती स्वाति, श्रीमती आकांक्षा, श्रीमती उमा, श्रीमती सुनीता, श्रीमती प्रीति, श्रीमती वर्षा सहित काफी संख्या में समाज के लोगों की उपस्थिति रही। इस बार महाआरती के आयोजन संतोष कुमार, श्रीमती पुष्पा, पुत्र सागर, ऋषि राज अग्रवाल चूड़ी वालों द्वारा की गई।

समाज को ज्ञान, कर्तव्य और अनुशासन सिखाती है श्रीमद् भगवद् गीता

अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव, गीता जयंती का जिला स्तरीय कार्यक्रम

नवभारत, कटनी। सांदीपनि विद्यालय झिंझरी में सोमवार को अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव गीता जयंती का जिला स्तरीय कार्यक्रम पूरी श्रद्धा, आस्था और भक्ति के साथ उत्सवी माहौल में हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। इस दौरान बटुक आचार्यों और 1100 से अधिक छात्र-छात्राओं ने सामूहिक रूप से श्रीमद्भगवद्गीता के 15वें अध्याय का सस्वर पाठ किया। जिले की तहसील और विकासखंड मुख्यालयों में भी गीता जयंती का आयोजन किया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम में कलेक्टर आशीष तिवारी, नगर निगम आयुक्त तपस्या परिहार और जिला पंचायत की सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर ने मां सरस्वती के तैलचित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन कर गीता जयंती के गरिमामयी कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर तिवारी ने कहा कि श्रीमद्भगवद्गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने कुरूक्षेत्र के मैदान में अर्जुन को गीता का ज्ञान दिया था। उन्होंने कहा कि गीता सिर्फ धार्मिक ग्रंथ नहीं बल्कि जीवन जीने की कला सिखाती है। इस आयोजन से विशेष कर छात्रों और समाज में ज्ञान, कर्तव्य, अनुशासन और सकारात्मकता का वातावरण बनेगा। उन्होंने छात्रों से कहा कि गीता हमें सत्य-असत्य, धर्म-अधर्म और अपराध के संबंध में व्यापक सीख देती है। साथ ही गीता फल की चिंता किए बिना निरंतर कर्म करने का भी संदेश देती है। उन्होंने छात्रों से इस ध्येय वाक्य को अपनाकर मेहनत और लगन से खूब पढ़ाई करने की सीख देते हुए आगे बढ़ने और घर-परिवार और देश-प्रदेश का नाम रोशन करने की बात कही। समारोह को संबोधित करते हुए जिला भाजपा अध्यक्ष दीपक टंडन सोनी ने कहा कि गीता हमें कर्म की महत्ता का संदेश देती है।

उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की पहल पर व्यापक पैमाने पर गीता जयंती के आयोजन के लिए सराहना की। जिला स्तरीय कार्यक्रम के साथ सभी तहसील, विकासखंड स्तरों पर भी गीता महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला स्तरीय गीता जयंती के कार्यक्रम में विश्व गीता प्रतिष्ठानम् उज्जैन के लक्ष्मीकांत भारद्वाज, कपूर सोनी, रंगनाथ मंदिर गरूणध्वज विद्यालय के 11 बटुकों सहित 1100 से अधिक छात्र-छात्राओं ने सामूहिक रूप से श्रीमद् भगवद् गीता के 15वें अध्याय का सस्वर पाठ किया।

गरीब कन्या के विवाह में की गई नि :शुल्क रसोई और भोजन व्यवस्था

श्री जगदीश मंदिर ट्रस्ट ने की जरूरतमंद परिवार की मदद

नवभारत, कटनी। समाज में सेवा और सहयोग की भावना को मजबूत करते हुए जगदीश मंदिर ट्रस्ट कमेटी द्वारा एक जरूरतमंद गरीब परिवार की कन्या के विवाह समारोह में नि:शुल्क रसोई और भोजन व्यवस्था की गई। ट्रस्ट समिति द्वारा आयोजित इस सेवा कार्य की शहर भर में सराहना की जा रही है। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि मंदिर परिसर और ट्रस्ट से जुड़े सदस्यों का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को सहयोग प्रदान करना है, ताकि उनकी खुशियों में कोई कमी नहीं रह जाए। ट्रस्ट की ओर से यह भी घोषणा की गई कि यदि किसी के संपर्क में ऐसी कोई कन्या आती है जिसका विवाह आर्थिक स्थिति के अभाव में नहीं हो पा रहा है तो जगन्नाथ मंदिर की ओर से नि:शुल्क व्यवस्था उपलब्ध कराई जाएगी। समिति सदस्यों ने कहा कि सेवा ही सच्ची पूजा है और मानवता के लिए किया गया प्रत्येक प्रयास समाज को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस पहल को लोगों ने समाज के लिए प्रेरणादायक कदम बताया।

बिजली विभाग की वसूली टीम से ग्रामीणों ने की मारपीट

बकाया बिजली का बिल वसूल करने गए थे कर्मचारी

नवभारत, कटनी। जिले की बहोरीबंद विधानसभा के ग्राम तिलहरी में रविवार को बिजली बिल वसूली के दौरान हंगामा हो गया। सोमवार को इस घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया में वायरल हुआ है। जानकारी के अनुसार तिलहरी गांव पहुंची बिजली विभाग की वसूली टीम का ग्रामीणों ने विरोध शुरू कर दिया और देखते ही देखते स्थिति बिगड़ गई। ग्रामीणों ने टीम को घेरकर गाली-गलौज, धक्का-मुक्की और हाथापाई तक की गई। घटना की पुष्टि सहायक अभियंता अभिषेक गिरवाल ने की है। उनके अनुसार विभागीय टीम के साथ कोमल काछी, नरेश काछी और नरेंद्र काछी नाम के उपभोक्ताओं ने अभद्रता की। इन तीनों पर वर्ष 2020 से कुल 7,125 रुपए का बकाया था, जिसे बार-बार नोटिस देने के बाद भी जमा नहीं किया गया। नियमानुसार वसूली के लिए पहुंची टीम के साथ न सिर्फ दुर्व्यवहार हुआ, बल्कि हाथापाई भी की गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। मामला दर्ज कर प्रकरण की जांच की जा रही है।

गौशाला में तड़प रहे गौवंश, मृत गायों को नोच रहे कौए

रीठी क्षेत्र के घनिया गौशाला में व्यवस्था बदहाल

नवभारत, रीठी। जिले के रीठी जनपद अंतर्गत घनिया गौशाला की बदहाली का दर्दनाक घटना सामने आई है। गौशाला में बीमार और घायल गौवंश बिना उपचार के तड़पते हुए मौत से जूझ रहे हैं। मृत गायों को न तो उठाया गया न उनका निपटान या अंतिम संस्कार किया गया। खुले आसमान के नीचे सड़ती लाशें पड़ी रहीं और चारों ओर बदबू फैलती रही। संवेदनहीनता की हद तब पार हो गई जब मृत और जीवित दोनों गायों के आसपास कौए झुंड बनाकर मंडराते रहे और मृत गायों को बेरहमी से नोचते रहे। ग्रामवासियों का कहना है कि गौशाला में चिकित्सा की कोई व्यवस्था नहीं है। शासन से मिलने वाली राशि का उपयोग कहां हो रहा है, इसका कोई हिसाब नहीं रखा जा रहा। गौशाला में जो गायें जीवित हैं, वे भी कुपोषण और बीमारियों से जूझ रही हैं। स्थानीय ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि जिम्मेदार अधिकारी और गौशाला संचालक सिर्फ कागजों में सेवा दिखाते हैं, जबकि वास्तविकता उससे बिल्कुल अलग है।

महापौर ने वार्डवासियों से सीधे संवाद कर लिया सफाई कार्य का जायजा

महापौर ने किया फॉरेस्टर वार्ड का निरीक्षण, दिए निर्देश

नवभारत, कटनी। नगर की सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाने के उद्देश्य से महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने सोमवार को फारेस्टर वार्ड का औचक निरीक्षण किया। वार्ड की गलियों में पैदल भ्रमण करते हुए महापौर ने सफाई व्यवस्था अव्यवस्थित पाए जाने पर गहरी नाराज़गी व्यक्त की। उन्होंने क्षेत्रीय स्वच्छता निरीक्षक को वार्ड की प्रतिदिन सफाई कराने, नालियों की नियमित सफाई सुनिश्चित करने और कचरे को समय पर उठवाने के स्पष्ट निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान महापौर ने वार्ड के नागरिकों से संवाद कर यह जानकारी ली कि वार्ड में कब-कब सफाई होती है और किन समस्याओं का उन्हें सामना करना पड़ता है। उन्होंने लोगों से कहा कि कचरा सड़कों पर नहीं फेंकें, बल्कि स्वच्छता अभियान में सक्रिय सहयोग दें, ताकि वार्ड को स्वच्छ और स्वस्थ बनाया जा सके। वार्ड भ्रमण के दौरान महापौर ने खुले पड़े नाले को देखकर नाराजगी जताई और क्षेत्रीय उपयंत्री को नाले की कवरिंग कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि खुले नाले न सिर्फ संक्रमण फैलाते हैं बल्कि दुर्घटना की आशंका भी रहती है। इसलिए इन्हें तत्काल कवर किया जाना आवश्यक है। निरीक्षण के दौरान महापौर ने वार्ड में बंद पड़े सुलभ कॉम्प्लेक्स का भी निरीक्षण किया। उन्होंने वहां पानी और प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त कराते हुए कॉम्प्लेक्स को जल्द शुरू करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए, ताकि नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हो सकें।

कार्यक्रम | भोजपुरी साहित्य अकादमी और मप्र सांस्कृति परिषद के सौजन्य से आयोजित किया गया विद्यापति स्मृति समारोह

सांस्कृतिक कार्यक्रम हमारी ऐतिहासिक साहित्यिक परंपरा के संरक्षण का महत्वपूर्ण माध्यम

नवभारत, कटनी। भोजपुरी साहित्य अकादमी और मप्र सांस्कृतिक परिषद भोपाल के सौजन्य से शासकीय तिलक कॉलेज में आयोजित दो दिवसीय विद्यापति स्मृति समारोह के दूसरे दिन का कार्यक्रम अत्यंत भावपूर्ण और आत्मिक वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के तैल-चित्र पर दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ की गई। जिसके बाद अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण में पटना से पधारे रजनीश झा द्वारा विद्यापति के पदों का सुमधुर गायन रहा। उनकी भावपूर्ण प्रस्तुति ने सभागार को भक्ति और माधुर्य से भर दिया। उनके साथ संगत करने वाले कलाकारों में राकेश ने तबलावादन, इमेज मिश्रा ने बांसुरी, नरेश ने कीबोर्ड और सह-गायन में विपिन विश्वकर्मा ने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से ताल-लय का ऐसा सुंदर समन्वय दिया कि विद्यापति के पद जीवंत हो उठे। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि शासकीय कन्या महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ चित्रा प्रभात ने कहा कि विद्यापति स्मृति समारोह सिर्फ एक सांस्कृतिक आयोजन नहीं, बल्कि हमारी ऐतिहासिक साहित्यिक परंपरा के संरक्षण का महत्वपूर्ण माध्यम है। नई पीढ़ी को इन काव्य-धाराओं से जोड़ना समय की आवश्यकता है। वहीं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सुनील कुमार वाजपेई ने कहा कि विद्यापति स्मृति समारोह हमारे संस्थान की सांस्कृतिक समृद्धि का प्रतीक है। ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों में साहित्य, संगीत और लोककलाओं के प्रति संवेदना विकसित होती है। हम आगे भी इसी प्रकार पारंपरिक और आधुनिक कला-धाराओं के संरक्षण के लिए प्रयासरत रहेंगे। कार्यक्रम में तिलक महाविद्यालय के छात्रों ने भी विद्यापति के पदों और भजन-गीतों का गायन कर समारोह में चार चांद लगा दिया। विद्यार्थियों की सुरीली प्रस्तुतियों ने पूरे वातावरण को भावपूर्ण और सांस्कृतिक आभा से भर दिया। कार्यक्रम में मंच संचालन और एंकरिंग की भूमिका का निर्वहन सादात भारती द्वारा किया गया। उनकी सधी हुई प्रस्तुति ने पूरे समारोह को सुगठित, आकर्षक और सतत प्रवाहमान बनाए रखा। समारोह का यह दूसरा दिन साहित्य, संगीत और भक्ति रस से परिपूर्ण रहा। कार्यक्रम में मप्र संस्कृति परिषद से ओमप्रकाश मैथिल कार्यक्रम में उपस्थित रहें। कार्यक्रम में डॉ माधुरी गर्ग, जीएम मुस्तफा, भूगोल विभागाध्यक्ष डॉ व्हीके द्विवेदी, समाजशास्त्र विभाग से आरपी मिश्रा, राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ केपी मिश्रा, अंग्रेजी विभागाध्यक्ष नाहिद सिद्दीकी सहित अन्य की उपस्थिति रही।

संकुल प्राचार्य पर पद का दुरूपयोग करने का आरोप

नवभारत, उमरियापान। ढीमरखेड़ा ब्लॉक में पदस्थ प्रभारी संकुल प्राचार्य गोमती बेन पर शिक्षकों द्वारा लगाए गए हैं कि वे अपने पद का दुरुपयोग करते हुए मनमानी, पक्षपात और शिक्षकों के साथ दुर्व्यवहार कर रही हैं। शिक्षकों का कहना है कि संकुल में आवक-जावक शाखा के आवेदन जानबूझकर स्वीकार नहीं किए जा रहे, जिससे अन्य शिक्षकों को प्रतिदिन भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आरोप यह भी है कि गोमती बेन कुछ राजनीती से जुड़े शिक्षकों को संरक्षण देती हैं, जो नियमित रूप से स्कूल नहीं जाते और संकुल कार्यालय में ही दरबार लगाए बैठक रहते हैं। संकुल प्राचार्य पर यह भी आरोप है कि वे विभिन्न राजनीतिक व्यक्तियों से निकटता का लाभ उठाकर पद का दुरुपयोग करती हैं। शिक्षकों का कहना है कि किसी भी जांच के दौरान वे टाल-मटोल कर उच्च अधिकारियों को गुमराह कर देती हैं।

धर्मलोक हॉस्पिटल
A unit of Dharmlok Hospital Pvt. Ltd.
AN ISO 9001 : 2015 CERTIFIED

दूरबीन से पित्त की पथरी की सर्जरी, दूरबीन से अपेंडिक्स सर्जरी, दूरबीन से ओपन पेट की सर्जरी, उन्नत तकनीक (स्टेपलर/लेटर) के फिस्टुला सर्जरी, स्तन सर्जरी, किडनी/ प्रोस्टेट/मूत्राशय सर्जरी, मधुमेह पैर की देखभाल/सर्जरी, तीव्र और जीर्ण घाव प्रबंधन।

डॉ. राजेश बत्रा
एम.एस., एफ.एम.ए.एस., एफ.आई.ए.जी.ई.एस., एफ.ए.आई.एस.
जनरल और लैप्रोस्कोपिक सर्जन

डॉ. हर्षा बत्रा
एमडी (ओबीजी) सोनोग्राफी डिप्लोमा
स्त्री, प्रसूति एवं बांझपन विशेषज्ञ

सामान्य एवं सिजेरियन डिलीवरी, अंडेदानी की गठान, उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था, नि:संतानता, बच्चेदानी निकालना, सफेद पानी का इलाज, गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी, बार-बार गर्भपात होना, पॉलिसिस्टिक ओवेरियन डिजीज/सिंड्रोम।

आयुष्मान कार्डधारी मरीजों का एवं हेल्थ इंश्योरेंस कार्ड धारी मरीजों का नि:शुल्क इलाज किया जाता है।
ओपीडी सुबह 11:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक
पता-आदर्श कालोनी रोड, कटनी (म.प्र.)
Ph. 07622-422390, 796084 Help line 24x7: 8305402024